**सख्त टिप्पणी** — एक दिन में जल्दबाजी में लिया गया फैसला, दिमाग का इस्तेमाल नहीं हुआ

# हाईकोर्ट ने कलेक्टर का रासुका आदेश किया रद्द

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जारी एक आदेश को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जल्दबाजी में एनएसए का फैसला लिया गया । दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया गया।

कलेक्टर ने महज एक ही दिन के भीतर पूरी फाइल प्रोसेस करके 6 जनवरी 2026 को याचिकाकर्ता पर रासुका तामील कर दी थी। कोर्ट ने कहा कि इतनी जल्दबाजी साफ दर्शाती है कि मामले में जिला प्रशासन ने अपने स्वतंत्र विवेक का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया।

अदालत ने कानून की याद दिलाते हुए कहा कि प्रिवेंटिव डिटेंशन एक बेहद असाधारण कदम है। इसे लागू करते समय हमारे संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत दिए गए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन होना अनिवार्य है। हाई कोर्ट ने देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा अमीना बेगम बनाम तेलंगाना राज्य मामले में तय किए गए सिद्धांतों का



हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक समाज या सार्वजनिक व्यवस्था को कोई बड़ा और व्यापक खतरा न हो, तब तक इस कड़े कानून को रूटीन या सामान्य प्रक्रिया की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

अदालत ने साफ किया कि छोटे-मोटे अपराध या स्थानीय कानून-व्यवस्था को आधार बनाकर किसी को सीधे रासुका में बंद नहीं किया जा सकता। पब्लिक ऑर्डर प्रभावित होने का मतलब है जिससे पूरे समाज में गहरा डर, असुरक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई बहुत बड़ा खतरा पैदा हो रहा हो। हाई कोर्ट ने जबलपुर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए आदेश को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है और याचिकाकर्ता की दोनों रिट याचिकाएं मंजूर कर ली हैं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि पुलिस रिकॉर्ड में बताए गए कई मामले पुराने थे। कई मामलों में आरोपी पहले ही बरी हो चुके थे। कोर्ट के अनुसार सीएसपी गोहलपुर ने छह जनवरी को बीस मामलों और दो प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की रिपोर्ट दी। यह रिपोर्ट उसी दिन अतिरिक्त एसपी ने एसपी को भेजी। एसपी ने भी उसी दिन कलेक्टर को भेज दिया। इसके बाद कलेक्टर ने 6 जनवरी को ही एनएसए का निरोध आदेश जारी कर दिया। यह पूरा मामला राजेन्द्र ठाकुर उर्फ छोटू और राजेश ठाकुर उर्फ भैया से जुड़ा है। जिनके खिलाफ रासुका की कार्रवाई हुई थी।

## डॉ . विक्रांत भूरिया की चुनाव याचिका पर जवाब पेश करने मिली दो सप्ताह की मोहलत

हाईकोर्ट में डा. विक्रांत भूरिया द्वारा दायर चुनाव की सुनवाई के दौरान अनावेदकों की तरफ से जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस बी पी शर्मा की एकलपीठ ने अनावेदकों को दो सप्ताह का समय प्रदान करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को निर्धारित की है। गौरतलब है कि कांग्रेस प्रत्याशी विक्रांत भूरिया ने राज्यसभा चुनाव में कथित अनियमित्ताओं व निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े घटनाक्रम को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद अनावेदको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अनावेदको की तरफ से उपस्थित अधिवक्ताओं ने जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश जारी किये।



## दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोकनगर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** आनंदपुर ट्रस्ट में आयोजित श्री 108 गुरु महाराज जी के 100वें जन्मदिवस समारोह में श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोकनगर के बीच एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला से 17 सितंबर को दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर फरीदाबाद, मथुरा, गंगापुर सिटी, सोगरिया और गुना होते हुए 18 सितंबर की सुबह 3 बजे अशोकनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 04003 अशोकनगर से 21 सितंबर को शाम 5 बजे रवाना होकर गुना, सोगरिया, गंगापुर सिटी, मथुरा, कोसीकलां और फरीदाबाद होते हुए 22 सितंबर को सुबह 8:45 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। 24 कोच वाली ट्रेन में एक थर्ड एसी, दो स्लीपर, 19 सामान्य श्रेणी और दो एसएलआर कोच रहेंगे। रेलवे ने यात्रियों और श्रद्धालुओं से स्पेशल ट्रेन का लाभ लेने की अपील की है।

# मृत मकान मालिक की खड़ी कर दी फर्जी बेटी, साजिश रच हड़पा प्लॉट

**भू-माफिया का कारनामा उजागर, पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** भू-माफियाओं ने एक कीमती प्लॉट को हड़पने के लिए मृतक की फर्जी बेटी खड़ी कर दी। इसके बाद साजिश रचते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उस जमीन की दोबारा रजिस्ट्री भी करा डाली। लंबी जांच के बाद गोहलपुर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता भैयाजी पटेल ने बताया कि उनके बेटे आनंद कुमार पटेल ने 20 अप्रैल 2017 को त्रिमूर्ति नगर स्थित खसरा नंबर 152/01, प्लॉट नंबर 504 क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट का एक भूखंड खरीदा था। यह जमीन उन्होंने मूल भू-स्वामी स्वर्गीय तुलसीराम चौरसिया के असली वारिसों निखलेश, नीलेश और पुष्पा चौरसिया से बकायदा रजिस्ट्री कराकर खरीदी थी। इस खरीदी के बाद राजस्व रिकॉर्ड में भी आनंद कुमार पटेल का नाम बतौर मालिक दर्ज हो गया था। तुलसीराम चौरसिया का निधन हो जाने के पश्चात् उनके वारसान हक में उनके वारसान निखलेश चौरसिया नीलेश चौरसिया एवं पत्नी पुष्पा चौरसिया का नाम राजस्व प्रकरण में दर्ज हो गया था जिसके पश्चात् उक्त भूमि को निखलेश चौरसिया वगैरह से अर्थात् तुलसीराम चौरसिया के विधिक वारसानो से वर्ष 2017 में खरीद ली थी। राजस्व रिकार्ड में आज भी मालिकस्वामी की हैसियत से आनंद कुमार पटेल का नाम दर्ज है। राकेश गुप्ता उर्फबब्लू की निगाह उसकी संपत्ति पर थी जिस कारण उसने कल्पना बर्देल नामक महिला को आपराधिक षड़यंत्र में शामिल करके उसे तुलसीराम चौरसिया की पुत्री होना बताते हुए साजिश रची। जबकि कल्पना बर्देल नाम की कोई भी महिला दूर-दूर तक तुलसीराम चौरसिया की कोई रिश्तेदार या वारिस नहीं है। इसी प्लाट पर मोहित तिवारी, लखन नायक, अर्जुन साहो के द्वारा कल्पना बरदेल को तुलसीराम चौरसिया की फर्जी लडकी बनाकर फर्जी तरीको से खसरों में नाम दर्ज कराकर राकेश गुप्ता एवं अमन गुप्ता से सौदा तय होने पर प्लाट को अंशिका गुप्ता एवं संगीता केशवानी को बिक्री कर रजिस्ट्री करवाई गई । कल्पना बरदेल के पति बृदावन बरदेल ने रजिस्ट्री में गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। बृन्दावन बरदेल अच्छी तरह से जानता था कि तुलसीराम चौरसिया का निधन हो चुका है इसके बावजूद भी कल्पना बरदेल से अंशिका गुप्ता एवं संगीता केशवानी के नाम पर प्लाट की रजिस्ट्री में गवाह बनकर हस्ताक्षर किए है।

### फर्जीवाड़ा कर की दूसरी रजिस्ट्री

इस फर्जी रिश्ते को ढाल बनाकर आरोपियों ने पहले तो सरकारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने की कोशिश की और फिर 4 सितंबर 2025 को एक फर्जी व जाली विक्रय पत्र तैयार कर लिया। इस कूटरचित दस्तावेज के सहारे आरोपियों ने उक्त 1500 वर्ग फीट के प्लॉट को अशिका गुप्ता और संगीता केशवानी के नाम पर दोबारा बेचकर रजिस्ट्री करा दी। इस पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए बाकायदा गवाह भी खड़े किए गए, जिसमें वृंदावन बरदेल ने मुख्य गवाह के तौर पर दस्तखत किए।

# लंबे समय तक अलग रहने मात्र से नहीं होता परित्याग

**फैमिली कोर्ट ने विवाह विच्छेद की याचिका की खारिज**

**जबलपुर।** फैमिली कोर्ट के पीठासीन अधिकारी मुकेश कुमार दांगी ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल लंबे समय तक अलग रहने मात्र से परित्याग या वैवाहिक क्रूरता सिद्ध नहीं होती। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब पति-पत्नी आपसी सहमति से अलग रहने के लिए समझौता कर चुके हों। कोर्ट ने मारपीट जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में मेडिकल रिपोर्ट, शिकायत अथवा अन्य विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने को भी महत्वपूर्ण माना। इन आधारों पर कोर्ट ने पति की ओर से प्रस्तुत विवाह विच्छेद की याचिका खारिज कर दी। अनावेदक पत्नी की ओर से अधिवक्ता राणा भट्टाचार्य ने पक्ष प्रस्तुत किया। नई दिल्ली निवासी सुरंजन साहा ने विवाह विच्छेद के लिए याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि उसका विवाह 19 जनवरी, 2001 को अधारताल, जबलपुर निवासी रूम्पा साहा के साथ हुआ था। दोनों की एक पुत्री है। याचिका में पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी वर्ष 2015 से उससे अलग रह रही है और इस प्रकार लंबे समय से अलग रहना वैवाहिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। याचिका में पत्नी पर मारपीट सहित अन्य आरोप भी लगाए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया। कोर्ट ने पाया कि पत्नी के अलग रहने को मात्र इस आधार पर परित्याग नहीं माना जा सकता कि दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं। विशेष परिस्थितियों में पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से अलग रहने का समझौता भी हुआ था। इसी तरह मारपीट जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई मेडिकल रिपोर्ट, पुलिस शिकायत या अन्य विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने इन परिस्थितियों को देखते हुए पति द्वारा विवाह विच्छेद के लिए प्रस्तुत आधारों को पर्याप्त नहीं माना और याचिका खारिज कर दी।

## प्रथम प्रकाश दिवस पर आज लगेगा कीर्तन दरबार

**नवभारत, जबलपुर।** सिख धर्म के सर्वोच्च गुरु शब्दावतार साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश दिवस के अवसर पर 13 सितंबर को इकबाल भवन स्थित गुरुद्वारा माइयाँ, भंवरताल में सुबह 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रागी जत्था भाई हरमीक सिंह, नरिंदर सिंह, बलजीत सिंह एवं ज्ञानी जसबीर सिंह आदि गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी मीमांसा करेंगे । गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया जाएगा । प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

# लुटेरों का अटैक, बाइक समेत तीन मोबाइल लूटे

**सिविल लाइन, गोरखपुर, गढ़ा थाने में प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** शहर में बेखौफ लुटेरों ने युवकों पर झपट्टा मारकर एक बाइक समेत तीन मोबाइल लूट लिए। यह वारदातें सिविल लाइन, गोरखपुर, गढ़ा थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने तीनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम लगभग 4 बजे सौरभ गवांडे 26 वर्ष निवासी समीक्षा टाउन कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एनसी 6353 से लोको तलैया से कांचघर जा रहा था लोको तलैया की ढलान पहुंचा तभी मोटर सायकल में अज्ञात स्कूटी के चालक ने धक्का दिया जिससे वह गिर गया, दोनों उसकी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनसी 6353, मोबाइल कीमती लगभग 50 हजार रूपये के लूटकर भाग गये। इसी प्रकार गढ़ा पुलिस ने बताया कि अखिलेश कुमार विश्वकर्मा 25 वर्ष निवासी सुभाषनगर मड़फैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पिसनहारी मढिया से सर्वेन्ट क्वाटर वाले रास्ते से हाथ में मोबाइल रखे पैदल अपने घर जा रहा था तभी पीछे से मोटर सायकल में तीन लड़के आये एवं पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल लेकर भाग गये। इसी प्रकार गोरखपुर थाने में शनिवार दोपहर सचित रतलानी 33 वर्ष निवासी अंधेरदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 8-30 बजे वह कटंगा चौराहा इलाहाबाद बैंक के पास टहल रहा था टहलते समय अपने मोबाइल से एजेन्ट से बात कर रहा था तभी मोटर सायकल में तीन लड़के पीछे से आये और मोटर सायकल में बीच में बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका मोबाइल झपट लिया और भाग गए।

### पिकअप ले उड़े चोर

गोहलपुर थाने में गोविन्द दहायत ग्राम रजगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड के 9678 को उसका भांजा सौरभ दहायत चलाता है। त्रिमूर्तिनगर गली नम्बर 2 राममंदिर के पास गोहलपुर में गाड़ी को खड़ी करके उसका भांजा अपने घर चला गया था। सुबह लगभग 4-30 बजे आकर देखा तो उसकी पिकअप गायब थी।

**एक नजर में**

## ब्रह्मर्षि बावरा स्कूल गौराघाट में रोपे गए आम, अशोक के पौधे

**नवभारत, जबलपुर।** ब्रह्मर्षि बावरा स्कूल गौराघाट (ग्राम भिटौली) में वृक्षारोपण कार्यक्रम फादर डॉ बेन ऐन्टेनो रोज के निर्देशन में व प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अभिलाषा शुक्ल के संयोजन में आयोजित हुआ। इस दौरान स्वयंसेवको ने नीम, आम, कदम, अजवाइन, अशोक के पौधे रोपे । वहीं छात्र-छात्राओं ने माँ ज्ञानेश्वरी व माँ मैत्रेई दीदी के सानिध्य में ज्यादातर आम व कदम के पौधों का रोपण कर 'सूरखी धरती करे पुकार के नारों के साथ स्कूल कैम्पस को हरा-भरा किया। इस मौके पर निधि रजक, दिव्यांशी, मान्या, सबा खान, लावन्या, शिवांगी, हर्षिता ,नाऐशा, डिम्पल, समर्थ, माशिका खान, गगन, साहिल सोनू बच्वानी का सहयोग रहा।

## कल्याण भवन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आज

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिंदी समिति एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी महोत्सव के अंतर्गत 13 सितंबर को सुबह 11 बजे रामपुर स्थित कल्याण भवन में स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता तीन आयु-वर्गों में आयोजित होगी। इसमें कक्षा पहली से तीसरी, कक्षा चौथी से सातवीं तथा कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए ड्राइंग शीट आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि रंग, पेंसिल एवं अन्य रेखांकन सामग्री की व्यवस्था प्रतिभागियों को स्वयं करनी होगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों में कार्यरत कार्मिकों के विद्यालय में अध्ययनरत पुत्र एवं पुत्रियां सहभागिता कर सकेंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर-ग्रेटर की तीसरी फेलोशिप बैठक में नजर आया उत्साह

**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर-ग्रेटर की तीसरी फेलोशिप बैठक सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अतुल सिंह, डीआईजी जबलपुर रेंज रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष रोटेरियन अजय पाठक द्वारा बैठक को कॉल टू ऑर्डर करने के साथ हुआ। इसके बाद रोटेरियन योगेंद्र सोनी द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानपूर्वक मंच तक एस्कॉर्ट किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष रोटेरियन अजय पाठक ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने पिछले दो महीनों के दौरान क्लब द्वारा किए गए प्रमुख सेवा कार्यों एवं विभिन्न प्रोजेक्ट्स की संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए क्लब की भविष्य की कार्ययोजना, प्राथमिकताओं एवं



आगामी गतिविधियों की रणनीति भी साझा की। इंडक्शन समारोह के बाद शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। क्लब से जुड़े शिक्षकों एवं प्राध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, उपलब्धियों एवं समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में शिखा हांडा, अनीता यादव, डॉ. भावना तिवारी, प्रतीक्षा यादव, प्रो. अर्चना सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य रोटेरियन सुबोध जैन को सूक्ष्म, लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष के रूप में चयनित होने पर क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि डीआईजी अतुल सिंह को क्लब की ओर से सम्मान स्वरूप स्मृति-चिह्न भेंट किया गया।

## शहर पहुंचीं चन्द्रा सरवटे, आदिवासी छात्राओं से की चर्चा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रा सरवटे के जबलपुर आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने गढ़ा गंगा नगर स्थित रानी दुर्गावती छात्रावास पहुंचकर आदिवासी छात्राओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा कर जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजू ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष निलेश



बरकड़े, अंजना इनबाती, उमा उइके, मुन्नी बाई उइके, प्रमिला मरावी सहित आदिवासी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुल्तानपुर घटना के विरोध में यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में जन्माष्टमी आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने और श्रद्धालुओं के लिए तैयार भोजन को फैलाने का आरोप लगाते हुए यादव महासभा जबलपुर ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा ने घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, सीसीटीवी फुटेज व अन्य वीडियो साक्ष्यों को सुरक्षित कर दोषियों की पहचान तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने कहा कि ऐसी घटनाओं से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका रहती है। ज्ञापन में धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की गई। महासभा ने स्पष्ट किया कि उसका विरोध किसी समाज या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध है।

# जन्मदिन की पार्टी से लौट रही महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र झपटा



**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में भोपाल से अपने मायके जबलपुर आई एक महिला से बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने बीच सड़क पर स्कूटी रोककर, चाकू दिखाकर सोने की चेन और मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, न्यू शास्त्रीनगर तिलवारा निवासी 37 वर्षीय आरती ठाकुर वर्तमान में अपने ससुराल भोपाल में रहती है। वह त्योहार पर अपने मायके आई हुई थी। शुक्रवार शाम आरती अपनी मां सरला ठाकुर के साथ स्कूटी से गढ़ा सामुदायिक भवन में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गई थी। उसके पिता भी अपनी मोटरसाइकिल से अलग से उसी पार्टी में गए थे।

रात करीब 9:30 बजे पार्टी खत्म होने के बाद सभी वापस घर लौट रहे थे। आरती स्कूटी चला रही थी और मां पीछे बैठी थी, जबकि पिता अपनी बाइक से कुछ दूरी पर पीछे-पीछे आ रहे थे। रात लगभग 9-45 बजे जैसे ही आरती की स्कूटी पिसनहारी मढ़िया के पहले गढ़ा पुलिस लाइन क्वार्टर के सामने पहुंची, तभी अचानक एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़के वहां आए। बदमाशों ने चलती स्कूटी के आगे अपनी मोटरसाइकिल अड़ाकर उन्हें रोक लिया और आरती के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र छीनने लगे। आरती ने जब बचने का प्रयास किया, तो बाइक पर पीछे बैठे लड़के ने कमर से चमचमाता हुआ चाकू निकाल लिया। बदमाश ने चीखते हुए धमकी दी अगर चेन और मंगलसूत्र नहीं दिया, तो जान से खत्म कर देंगे। चाकू देखकर आरती और उसकी मां दहशत में आ गईं और सहम गईं। इसी का फायदा उठाकर लुटेरों ने झपट्टा मारकर सोने की चेन और मंगलसूत्र खींच लिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से मेडिकल की तरफ तेज रफ्तार में फरार हो गए।

**नवजीवन** — पुलिस जवानों ने सीपीआर दिया, लौटी धड़कनें

# फांसी के फंदे पर लटके युवक की थमी सांसें

**जबलपुर।** खमरिया थाना थाना अंतर्गत ग्राम तिगरा में शनिवार सुबह खाकी का मानवीय और जांबाज चेहरा सामने आया। दरअसल फांसी के फंदे पर लटके एक युवक को परिजन मृत समझ चुके थे, पुलिस के दो प्रधान आरक्षकों ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से उसे नया जीवन दे दिया। थमी हुई सांसों के बीच जवानों ने मौके पर ही कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन दिया, जिससे युवक की धड़कनें वापस लौट आईं।

खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि शनिवार सुबह ग्राम तिगरा निवासी राजेश कोरी ने खमरिया थाने में सूचना दी कि उनके भांजे सचिन कोरी पिता सुरेश कोरी, 32 वर्ष ने



फांसी लगा ली है और उसकी मौत हो चुकी है।

सूचना पर पुलिस ने तत्काल मर्ग कायम किया और जांच के लिए प्रधान आरक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं प्रधान आरक्षक कपिल देव सेन को तुरंत मौके पर भेजा। परिजनों के मुताबिक सचिन दम तोड़ चुका था, लेकिन जैसे ही दोनों प्रधान आरक्षकों ने शव को फंदे से उतारकर चेक किया, तो उन्हें शरीर में हल्की गर्माहट महसूस हुई। उन्होंने तुरंत युवक की नब्ज टटोली। नब्ज बेहद धीमी, नाममात्र के लिए चल रही थी।

### जिंदगी को बचाने दिया सीपीआर, हुआ चमत्कार

जिंदगी की डोर को भांपते हुए दोनों जवानों ने एक सेकंड भी बर्बाद नहीं किया। उन्होंने तुरंत सचिन को जमीन पर लिटाया और सीपीआर देना शुरू किया। प्रधान आरक्षक अरविंद और कपिल देव लगातार युवक के सीने को पंप करते रहे और कृत्रिम सांसें देते रहे। कुछ ही मिनटों की इस कोशिश के बाद एक बड़ा चमत्कार हुआ सचिन की छाती ऊपर-नीचे होने लगी और उसकी सांसें दोबारा चल पड़ीं। युवक की सांसें लौटते ही पुलिस टीम ने बिना देरी किए उसे शासकीय वाहन से इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है। विदित हो कि पुलिस फोर्स को समय-समय पर आपातकालीन जीवन रक्षा और सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाता है। अधिकारियों से मिली इसी ट्रेनिंग के सही इस्तेमाल ने आज एक घर का चिराग बुझने से बचा लिया।

# विद्या भारती अमृत महोत्सव में कार्य की गुणवत्ता बढ़ायेगी



दो पुस्तकों का किया विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मा. कृष्णगोपाल द्वारा 2 पुस्तकों का विमोचन किया गया जिनमें वंदेमातरम के 150 वर्ष, संत रविदास शामिल रहीं। इस अवसर पर विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर एवं संस्कृति शिक्षा संस्थान के सुधीर कुमार उपस्थित रहे। बैठक में स्पष्ट कहा गया कि विद्या भारती अपने अमृत महोत्सव में कार्य की गुणवत्ता बढ़ायेगी।

वंदेमातरम के 150 वर्ष के अंतर्गत विद्या भारती ने आगामी 25 सितंबर 2026 को संपूर्ण देश में नमामि भारतम के अंतर्गत 1 करोड़ जन सामान्य के साथ एक लय, एक स्वर, एक समय में पूर्ण वंदेमातरम गायन का निर्णय किया है। अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित 24 हजार विद्यालयों एवं अन्य शैक्षिक संस्थानों से संपर्क करते हुए हम लगभग 30 हजार स्थानों पर एक साथ वंदेमातरम का गायन करेंगे। संत रविदास जी की जयंती के 650 वर्ष होने पर विद्या भारती ने अपने समस्त विद्यालयों में सप्ताहिक भर आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन आयोजनों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, संगोष्ठी, भजन गायन जैसे कार्यक्रमों के साथ परिवार संपर्क अभियान करने का निर्णय लिया है।

**11 लाख छात्र पोर्टल पर हैं पंजीकृत-** विद्या भारती के पूर्व छात्रों की संख्या लगभग 50 लाख है, इनमें से 11 लाख पूर्व छात्र विद्या भारती पोर्टल पर पंजीकृत हैं, इनमें से चयनित विशिष्ट श्रेणी के पूर्वछात्रों का सम्मेलन भी दिल्ली में ही आयोजित होगा। इसी प्रकार अनेक कार्यक्रम क्षेत्र, प्रांत, विद्यालय स्तर पर आयोजित होंगे।